अध्याय - 3 निर्धनता एक चुनौती

पाठ के मुख्य बिन्दु

- निर्धनता के अनेक आयाम है। सामान्यता इन्हे निर्धनता रेखा की अवधारणा के द्वारा मापा जाता है ।विद्वान लोग इस अवधारणा का मानव निर्धनता में विस्तार कर रहे हैं ।
- समाज में व्याप्त आर्थिक असमानता को दूर करनाहै।
- राज्यों व केंद्र सरकारों की सबसे बड़ी बाध्यता होनी चाहिए, कि विभिन्न प्रचार माध्यमों को भी इस विषय के संदर्भ में सरकारों को सचेत करते रहना चाहिए ।
- निर्धनता से अभिप्राय जीवन के लिए न्यूनतम उपयोगी आवश्यकताओं की प्राप्ति ना होने से है। निर्धनों की आमदनी इतनी कम होती है कि वे उससे अपनी सामान्य जरूरतो को भी पूरा नहीं कर सकते हैं।
- आम आदमी को भी इन उन्मूलन कार्यक्रमों में पूरी सजगता दिखानी चाहिए। तभी निर्धनता को दूर किया जा सकता है।और समाज में व्याप्त आर्थिक असमानता को दूर किया जा सकता है।
- भारत में हर पांचवा व्यक्ति निर्धन है (विश्व बैंक के नवीनतम आंकड़ों) दुनिया में सबसे अधिक गरीब भारत में ही है।
- निर्धनता रेखा का आकलन सामान्यता हर 5 वर्ष पर राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन के द्वारा कराया जाता है।
- निर्धनता उन्मूलन के लिए सरकार ने वर्तमान निर्धनता निरोधी रणनीति बनाई जिसके दो आयाम हैं:-
  1. आर्थिक सवृंद्धि को प्रोत्साहन
  2. लक्षित निर्धनता निरोधी कार्यक्रम
- आर्थिक सवृंद्धि अवसरों को व्यापक बना देती है।और मानव विकास में निवेश के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराती है, परिणाम स्वरूप निर्धनता कम होती है।
- लक्षित निर्धनता निरोधी कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005, राष्ट्रीय काम के बदले अनाज का कार्यक्रम 2004, प्रधानमंत्री रोजगार योजना 1993 ,ग्रामीण रोजगार सृजन कार्यक्रम 1995 इत्यादि आते हैं।

बहुविकल्पीय प्रश्न

1. स्वतंत्र भारत के समक्ष सर्वाधिक कठोर चुनौती क्या है?

a. अर्थव्यवस्था b. गरीबी
c. आतंकवाद d. जातिवाद

2. गरीबी की समस्या का स्वरूप किस प्रकार का है?

a. एक आयामी b. बहु आयामी
c. सहआयामी d. इनमें से कोई नहीं।

3. भूमिहीन श्रमिक को किस श्रेणी में रखा जा सकता है?

a. मध्यम b. गरीबी
c. उच्च d. इनमें से कोई नहीं।

4. निर्धनता की चरम सीमा क्या होती है?

a. मौत b. आवास की कमी
c. भुखमरी d. इनमें से कोई नहीं।

5. आय में असमानता के कारण किसका जन्म होता है?

a. गरीबी b. जातिवाद
c. आतंकवाद d. सांप्रदायिकता

6. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना कब शुरू की गई?

a. 2001 b. 2005
c. 2003 d. 2008

7. काम के बदले अनाज की योजना को 2004 तक कितने जिलों में लागू किया जा चुका था?

a. 100 b. 150
c. 180 d. 250

8. प्रधानमंत्री रोजगार योजना को कब शुरू किया गया?

a. 1993 b. 1995
c. 2001 d. 1998

9. ग्रामीण रोजगार सृजन कार्यक्रम का आरंभ कब किया गया?

a. 1995 b. 2001
c. 1998 d. 2004

10. स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना का आरंभ कब किया गया?

a. 1999 b. 1997
c. 1995 d. 2001

11. प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना कब लागू की गई?

a. 2000 b. 1996
c. 1998 d. 2002

12. ग्रामीण समाज के विकास के लिए कौन सी योजना लागू की गई?

a. स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना
b. प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना
c. ग्रामीण रोजगार सृजन योजना
d. उपरोक्त सभी।